# Doctor's Day Celebration Report



लखनऊ, 1 जुलाई 2025: माननीय कुलपति प्रो० अजय तनेजा के कुशल निर्देशन में




डॉक्टर्स डे के अवसर पर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्थित फार्मेसी संकाय द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठित विभूतियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा द्वारा स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं उचित परामर्श प्रदान किया गया।

**सम्मानित किए गए डॉक्टरों में प्रमुख रूप से**

- **प्रोफेसर राकेश कुमार दीक्षित**, हेड, फार्माकोलॉजी एवं चिकित्साविज्ञान विभाग, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU),
- **डॉ. मंजुलता वर्मा**, अतिरिक्त प्रोफेसर, KGMU,
- **डॉ. निधि मित्तल**, एम.डी., रेडियोलॉजिस्ट,
- **डॉ. अमन प्रिया** सिंह, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, IMA-MSN इंडिया




कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अपने संबोधन में कहा कि ये सभी चिकित्सक न केवल चिकित्सा क्षेत्र में अनुकरणीय सेवाएं दे रहे हैं, बल्कि समाज को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते, बल्कि वे समाज की सेवा में संपूर्ण समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने तालियों के साथ इन डॉक्टरों का अभिनंदन किया।

सम्मान प्राप्त डॉक्टरों ने अपने वक्तव्यों में आयोजकों का आभार प्रकट किया और डॉक्टरों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए

कार्यक्रम में प्रो. राकेश कुमार दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा, "फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। वे डॉक्टरों से पीछे नहीं, बल्कि उनके साथ खड़े हैं। दोनों मिलकर स्वास्थ्य सेवा को पूर्णता प्रदान करते हैं।" उनके इस कथन ने चिकित्सा एवं फार्मेसी के समन्वय की भावना को उजागर किया।




डॉ. मंजुलता वर्मा ने अपने संबोधन में व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने सामाजिक भलाई के लिए "किसी के बारे में बुरा न बोलने" की आदत को अपनाने की सलाह दी।

डॉ. निधि मित्तल ने अपने विचार साझा करते हुए क्षमा, सकारात्मक सोच और कृतज्ञता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि ये भावनाएं मानसिक शांति और सामाजिक सौहार्द के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

डॉ. अमन प्रिया सिंह ने IMA-MSN इंडिया के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्था कैंसर रोगियों की सहायता और समाज के समग्र उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है

यह समारोह न केवल डॉक्टर्स के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति था, बल्कि भावी पीढ़ी को सेवा भावना और समर्पण की प्रेरणा देने वाला एक प्रेरणादायक अवसर भी रहा।



कार्यक्रम का समापन डीन प्रोफेसर चंदना डे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। निदेशक प्रोफेसर शालिनी त्रिपाठी ने सभी आमंत्रित अतिथियों, चिकित्सकों, आयोजन समिति और विश्वविद्यालय परिवार को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद दिया।

# Press Release

## मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्याल
## जुलाई को डॉक्टर दिवस का आयोजन

स, संवाददाता
मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा
. एम. सी. एल.यू.),
ी संकाय द्वारा डॉक्टर
न आगामी 1 जुलाई
जाएगा। यह कार्यक्रम
प्रशासनिक भवन में
आरंभ होगा। माननीय
जय तनेजा (मुख्य
र्गदर्शन में तथा प्रो.
देशक, फार्मेसी संकाय
संयोजन में यह विशेष
किया जा रहा है। इस
न समारोह और हेल्थ
किया जाएगा, जिसमें



चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम उस प्रसिद्ध कथन को सार्थक करती है जहाँ चिकित्सा कला से प्रेम होता है, वहाँ मानवता से भी प्रेम होता
परिवार के सभी शिक्ष
छात्र-छात्राओं से इस आ
बनने का आह्वान किया

## हिन्दुस्तान

लखनऊ, बुधवार, 2 जुलाई 2025 06

कैम्पस 360°

## भाषा विवि में चार चिकित्सकों का सम्मान

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। फार्मेसी संकाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने चार चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को समर्पित यह दिन अपने आप में बहुत बड़ा है। डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते बल्कि वे समाज की सेवा में संपूर्ण समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

## दैनिक भास्कर

epaper.dainikbhaskarup.com
01 Jul 2025 - E-paper lucknow 01 July 202518



### केएमसी भाषा विवि में आज डॉक्टर दिवस का आयोजन

**लखनऊ, ब्यूरो।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि (केएमसीएलयू), लखनऊ के फार्मेसी संकाय द्वारा डॉक्टर दिवस का आयोजन आगामी 1 जुलाई 2025 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रातः 11:00 बजे से आरंभ होगा। कुलपति प्रो. अजय तनेजा (मुख्य संरक्षक) के मार्गदर्शन में तथा प्रो. शालिनी त्रिपाठी, निदेशक, फार्मेसी संकाय के संयोजन में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सम्मान समारोह और हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम उस प्रसिद्ध कथन को सार्थक करती है 'जहाँ चिकित्सा कला से प्रेम होता है, वहाँ मानवता से भी प्रेम होता है'। विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से इस आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्व विद्यालय में हुआ डॉक्टरों का सम्मान



सज्जाद बाक़र
सिटीज़न वॉयस,
संवाददाता
लखनऊ

**लखनऊ।** कुलपति प्रो 0 अजय तनेजा के कुशल निर्देशन में डॉक्टर्स डे के अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में स्थित फार्मेसी संकाय द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठित विभूतियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा द्वारा स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, कर्मचारियों और आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं उचित परामर्श प्रदान किया गया। सम्मानित किए गए डॉक्टरों में

किया। सम्मान प्राप्त डॉक्टरों ने अपने वक्तव्यों में आयोजकों का आभार प्रकट किया और डॉक्टरों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में प्रो. राकेश कुमार दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा, फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। वे डॉक्टरों से पीछे नहीं, बल्कि उनके साथ खड़े हैं। दोनों मिलकर स्वास्थ्य सेवा को पूर्णता प्रदान करते हैं।÷ उनके इस कथन ने चिकित्सा एवं फार्मेसी के समन्वय की भावना को उजागर किया डॉ. मंजुलता वर्मा ने अपने संबोधन में व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य, संतुलित आहार की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने सामाजिक भलाई के लिए 'किसी के बारे में बुरा न बोलन' की आदत को अपनाने की सलाह दी।

डॉ. निधि मित्तल ने अपने विचार साझा करते हुए क्षमा, सकारात्मक सोच और कृतज्ञता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस का आयोजन



लखनऊ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय (के.एम.सी.एल.यू.), लखनऊ के फार्मेसी संकाय द्वारा डॉक्टर दिवस का आयोजन आगामी 1 जुलाई 2025 को किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रातः 11¬00 बजे से आरंभ होगा। माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा (मुख्य संरक्षक) के मार्गदर्शन में तथा प्रो. शालिनी त्रिपाठी, निदेशक, फार्मेसी संकाय (आयोजक) के संयोजन में यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सम्मान समारोह और हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चिकित्सकों के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम उस प्रसिद्ध कथन को सार्थक करती है – ÷जहाँ चिकित्सा कला से प्रेम होता है, वहाँ मानवता से भी प्रेम होता है।÷विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से इस आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।